# गणतन्त्र दिवस - 2022

**प्रिय साथियों,**

**गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर सभी कर्मचारी और अधिकारी गण, इफको आफीसर्स एसोसिएशन और इफको इम्पलाईज यूनियन के सभी प्रतिनिधि गण, इफको सिक्योरिटी विभाग एवं एस.आई.एस. के जवान, डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल के प्रिन्सिपल एवं स्टाफ एवं समस्तजन को 73 वीं गणतंत्र दिवस की वर्षगांठ के शुभ अवसर पर हार्दिक बधाई। खुशी के इस पावन और ऐतिहासिक अवसर पर मैं हमारे सभी कर्मचारियों, अधिकारियों, ठेकेदारों,समस्त श्रमिक बंधुगण और उनके परिवार की खुशहाली और वैभव की कामना करता हूं ।**

**26 जनवरी 1950 को भारत एक प्रजातांत्रिक गणतंत्र देश बना था क्योंकि इसी दिन भारत का संविधान पारित हुआ था। हम हर साल इस दिन को ख़ुशियों के साथ गौरव मनाते है और देश के हर भारतीय के जीवन के लिए यह दिन बहुत महत्व रखता है।**

**वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान, हमने अब तक लगभग 17.04 लाख मीट्रिक टन जटिल उर्वरक का उत्पादन किया है और अपने राष्ट्र को उर्वरक के उत्पादन में आत्म निर्भर बनाने के लिए 19.91 लाख मीट्रिक टन के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हमें उम्मीद है कि इस वर्ष हम इफको पारादीप के इतिहास में सबसे अधिक उर्वरक का उत्पादन करेंगे।**

**मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि कोवड महामारी के कारण विभिन्न कठिनाइयों से जूझते हुए भी इकाई ने रिकॉर्ड प्रेषण के साथ-साथ अनेक उपलब्धियां हासिल की। इकाई को ऊर्जा प्रबंधन समारोह-2021 में उत्कृष्टता के लिए 22वें राष्ट्रीय पुरस्कार द्वारा Excellent Energy Efficient Unit पुरस्कार प्राप्त हुआ।**

**पारादीप इकाई को ओड़ीशा राज्य उत्पादकता परिषद द्वारा 'सर्वश्रेष्ठ उत्पादकता उत्कृष्टता पुरस्कार 2020' और ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा जटिल उर्वरक में 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2020' में प्रथम पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके साथ-साथ सर्वश्रेष्ठ कॉर्पोरेट उत्कृष्टता पुरस्कार 2020 और कलिंग सेफ्टी एक्सीलेंस प्लैटिनम अवार्ड प्राप्त करने के लिए आप सब को बहुत-बहुत बधाई।**

**पारादीप इकाई को सर्वोच्च कार्यशैली के लिए 'कलिंग पर्यावरण उत्कृष्टता पुरस्कार', 'कलिंग सेफ्टी एक्सीलेंस अवार्ड स्वर्ण-0202',FAI- विषेश पर्यावरण संरक्षण अवार्डऔर 'कलिंग बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड- 2021' का सम्मान प्राप्त करने पर आप**

सब को बहुत सारी बधाइयाँ। ग्रामीण विकास की गतिविधियों के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, समर्पण एवं सेवा के लिए ओड़िशा CSR फोरम की ओर से 'CSR Award 2021' एवं CII भारतीय उद्योग परिसंघ पूर्वी क्षेत्र से ऊर्जा संरक्षण प्रथाओं में उत्कृष्टता के लिए 'ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2021' के तहत इकाई को '4.75 स्टार सर्टिफिकेट' से सम्मानित किया गया। आप सब को इसके लिए हार्दिक बधाई।

यह गर्व की बात है कि इफको वैश्विक सहकारिता की सूची में शीर्ष स्थान पर है। यह संस्था के प्रत्येक सदस्य की प्रतिबद्धता एवं दृढ़ता से सम्भव हुआ है। मेरा विश्वास है कि सुरक्षा, सतर्कता, सजगता व समर्पण से हम अपने उत्पादकता एवं सुरक्षा के लक्ष्य को हासिल करने में सफल होंगे।

रथ यात्रा के अवसर पर हमारे महामहिम माननीय प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी जी का इकाई में भव्य स्वागत किया गया। महाप्रभु श्री जगन्नाथजी की असीम कृपा से कोविड निर्देशों का पालन करते हुए पहली बार पारादीप इकाई में रथ यात्रा में हमारे प्रबंध निदेशक महोदय द्वारा पूजा-अर्चना आयोजित की गयी, जिसमें इकाई के चुनिंदा श्रद्धालुगण पूजा में शामिल हुए। हम विशेष रूप से रथ यात्रा समिति, सभी श्रद्धालुगण एवं अधिकारी एवं कर्मचारी संघ के अध्यक्ष , सचिव एवं सभी प्रतिनिधिगण का तहे दिल से शुक्रिया करते हैं, जिनके सहयोग और समर्पणभाव से इकाई में रथयात्रा सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।

माननीय प्रबंध निदेशक के करकमलों द्वारा इकाई में कर्मचारियों के लिए पेट्रोल पंप, फॉस्फोरिक एसिड क्लेरिफायर कम स्टोरेज टैंक का उद्घाटन भी किया गया। इसके अलावा उन्होंने सल्फ्यूरिक एसिड प्लांट एवं सल्फ्यूरिक एसिड III प्रोजेक्ट साइट तथा ऑक्सीजन प्लांट और नैनो प्रोजेक्ट साइट का भी दौरा किया और विशेष रूप से मार्गदर्शन किया। इकाई के सुरक्षित कार्यान्वयन से आप काफी प्रभावित हुए। यह आप सब की मेहनत एवं समर्पित भाव का नतीजा है, मुझे पूरा विश्वास है कि आने वाले समय में भी आप सभी प्रगतिगामी सोच से कार्य करते रहेंगे और नित नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

इफको द्वारा आयोजित भारत के पहले राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन के दौरान हमारे गृह मंत्री और प्रथम सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी ने देश में सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने में तथा सहकार से समृद्धि की दिशा में इफको के विशेष योगदान के लिए संगठन की सराहना की। यह हम सबके लिए बड़े गर्व की बात हैं।

ओड़िशा के माननीय मुख्यमंत्री श्री नवीन पटनायक जी ने ओड़िशा को एक आधुनिक, जीवंत राज्य और पूर्वी भारत का प्रमुख आर्थिक केंद्र बनाने की अपनी दूरदृष्टि के तहत

इकाई में ऑनलाइन माध्यम से तीसरे सल्फ्यूरिक एसिड प्लांट की स्थापना के लिए आधारशिला रखी। इकाई में ऑक्सिजन संयंत्र सफलतापूर्वक स्थापित किया गया और 50 सिलिंडर की पहली खेप केंद्रपाड़ा के सरकारी अस्पतालों हेतु 22 जनवरी को रवाना की गयी। आशा है इस राज्य के सभी निवासियों के लिए इस कोविड महामारी के दौरान हम सब संस्था की सामाजिक जिम्मेदारियों का भली-भांति निर्वहन करेंगे। निश्चित रूप से यह संस्था के प्रत्येक सदस्य की प्रतिबद्धता एवं दृढ़ता से सम्भव हुआ है। मेरा विश्वास है कि सुरक्षा, सतर्कता, सजगता व समर्पण से हम अपने उत्पादकता एवं सुरक्षा के लक्ष्य को हासिल करने में सफल होंगे।

इकाई की Employees Suggestion Scheme बहुत ही सुचारु रूप से चल रही है और आप के सुझाव कारखाने में सुरक्षा और उत्पादकता बढ़ाने में अहम साबित होंगे। इस वर्ष INSSAN द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में 7 कर्मचारियों को अपने सुझाव एवं रचनाओं के लिए दिल्ली में पुरस्कृत किया गया।

हमारे माननीय नवनिर्वाचित अध्यक्ष महोदय श्री दिलीप संघानी साहब का हम पारादीप इकाई के सभी कर्मचारीगण दिल से स्वागत करते है और हम आशा करते है कि सहकारिता से समृद्धि का रास्ता तय करने में आपके मूल्यवान मार्गदर्शन हमारी संस्था को मिलता रहेगा।

डी ए वी पब्लिक स्कूल में शिक्षा प्रणाली एवं उनकी वार्षिक गतिविधियां सुचारु रूप से चल रही हैं, इसके लिए प्रिन्सिपल एवं उनकी टीम का आभार और हार्दिक बधाई और उम्मीद है कि हमारे बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे। हमारी सिक्योरिटी की टीम जो 24 घंटे निगरानी में लगी रहती है हम उसको धन्यवाद एवं शाबाशी भी देते है।

हमारी महिलाएं भी समाज में एक जागरूक नागरिक की भूमिका निभा रही हैं, इसके लिए ज्योति लेडीज क्लब इफको पारादीप की टीम काफी सराहनीय कार्य कर रही है। आस-पास के गावों और आश्रमों में उपयोगी सामग्री भी प्रदान कराई जा रही हैं। उनकी समस्त कार्यकारिणी समिति को बहुत-बहुत बधाई।

इस प्रकार मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि इफको पारादीप इकाई के सभी कर्मचारी, अधिकारी, हमारे ठेकेदार और श्रमिक बंधु आपसी तालमेल व सहयोग से अपनी ज़िम्मेदारी का पालन करते हुए हमारी इकाई को निरंतर आगे ले जाएंगे ।

**जिस विश्वास के साथ इस इकाई को नई ऊंचाई तक ले जाने में आप सभी ने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मुझे सहयोग दिया हैं, मैं आप सभी का आभारी हूँ। आशा करता हूँ कि सर्वदा हम सब मिलकर मेहनत और लगन से कार्य करते रहेंगे।**

**आप सब को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई।**

**जय हिन्द**

**के जे पटेल**

**इकाई प्रमुख**

**पारादीप इकाई**